अनुसूचि–1	रक्षित एवं अन्य निधियां	(राशि रूपयें में)
31.03.2016	**विवरण**	**31.03.2017**
9,249,269.13	1. विकास निधि	9,282,369.13
125,000.00	2. सामान्य हित निधि	125,000.00
1,733,109.00	3. कर्मचारी कल्याण निधि	1,766,209.00
396,960.00	4. दान निधि	463,025.00
269,907.75	5. शैक्षणिक पुरूस्कार निधि	205,968.75
1,158,204.43	6. मानक सम्पत्तियों के प्रति आक. प्रावधान	1,158,204.43
456,479.72	7. कर्मचारी खेल एवं सांस्कृतिक निधि	489,579.72
812,810.00	8. निवेश हृास निधि	812,810.00
1,360,427.00	9. रजत/स्वर्ण जंयती निधि	1,085,895.00
850,000.00	10. वाहन कय निधि	858,300.00
2,121,232.00	11. स्पेशल रिजर्व	2,371,832.00
367,359.00	12. प्रशिक्षण निधि	493,984.00
479,850.00	13. निवेश उतार–चढाव निधि	479,850.00
50,000.00	14. संगोष्ठी/सम्मेलन फण्ड	83,300.00
19,430,608.03	**योग**	**19,676,327.03**

अनुसूचि–2	सावधि जमा व्यक्तिगत	(राशि रूपयें में)
31.03.2016	**विवरण**	**31.03.2017**
	1. सावधि जमा खाता	
97,445,533.00	अ. व्यक्तिगत	97,983,321.00
-	ब. संस्थागत	-
	2. द्विगुणित जमा	
400,164,237.40	अ. व्यक्तिगत	409,234,002.00
842,722.00	ब. संस्थागत	481,161.00
7,142,450.00	**3. आवर्ति जमा योजना**	7,105,850.00
14,696,384.00	**4. दैनिक जमा योजना**	12,052,404.00
4,816,937.00	**5. समृद्ध सुकन्या जमा योजना**	5,495,467.00
349,954.41	**6. सन्ड्री जमा खाता**	343,954.41
525,458,217.81	**योग**	**532,696,159.41**

अनुसूचि–3	सावधि जमा (अन्य समितियां)	(राशि रूपयें में)
31.03.2016	**विवरण**	**31.03.2017**
2,219,754.00	1. सावधि जमा समितियां	16,497,764.00
21,570,200.00	2. द्विगुणित जमा समितियां	6,754,066.00
23,789,954.00	**योग**	**23,251,830.00**

अनुसूचि–4	विविध (अन्य देयताऐं)	(राशि रूपयें में)
31.03.2016	**विवरण**	**31.03.2017**
99,000.00	1. अंकेक्षण शुल्क देय	99,000.00
194,235.00	2. सहकारी संघ चंदा देय	197,235.00
30,075.00	3. अंश आवंटन	37,775.00
184,608.00	4. बोनस/एक्शग्रेशिया	158,059.00
8,461,423.11	5. पेमेंट आर्डर	15,669,824.11
223,394.40	6. विविध लेनदार	223,394.40
15,000.00	7. गार्ड हेतु सुरक्षा निधि	15,000.00
-	8. कर्मचारी प्रतिभूति जमा	-
1,700.00	9. आयकर/टीडीएस देय	7,900.00
16,910,261.00	10. आयकर हेतु प्रावधान	16,366,761.00
52,842.00	11. फ्रिंज बेनेफिट टैक्स हेतु प्रावधान	52,842.00
11,297.77	12. सेवाकर	14,537.44
655,462.00	13. आस्थगित कर देयताऐं	732,912.00
60,000.00	14. दैनिक जमा योजना ऐजेंट हेतु सुरक्षा निधि	60,000.00
26,899,298.28	**योग**	**33,635,239.95**

सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल

अंकेक्षण प्रमाण पत्र

मैं, निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्रमाणित करता हूं कि मैंने, सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल का वर्ष 2016–17 का अंकेक्षण, पंजीयक, सहकारी समितियां, मध्यप्रदेश द्वारा निर्धारित प्रणाली सेपूर्ण किया।

बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र विधिवत् सही व नियमानुसार होकर बैंक द्वारा सुरक्षित रखा गया है।

मैंने सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल के 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के वित्तीय पत्रक तथा लाभ–हानि पत्रक का परीक्षण संबंधित लेखाओं से किया है।

मैं सूचित करता हूं कि :–

1. मेरे मत से बैंक का व्यवहार साधारणतः सही व ईमानदारी से बैंक उपनियिमों, सहकारी संस्थाओं की प्रचलित धाराओं, उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों, पंजीयक द्वारा समय–समय पर प्रसारित परिपत्रों एवं बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट 1949 जो सहकारी बैंको पर लागु होता है के अनुसार है व पाई गई त्रुटियों का उल्लेख अंकेक्षण टीप में है।
2. मेरी जानकारी के अनुसार जो मुझे दर्शित कराया गया तथा बैंक को जो रजिस्टर्स मुझे बताये गये, उसके अनुसार स्थिति विवरण पत्रक मेरे द्वारा प्रस्तुत टीप के अधीन आक्षेपों की पूर्ति होने पर परिपूर्ण तथा ठीक है।
3. जब कभी मैंने स्पष्टीकरण अथवा सूचना प्राप्त करनी चाही, प्रस्तुत टीप के अधीन मुझे सूचना व स्पष्टीकरण बैंक द्वारा दिये।
4. अधिकोष के व्यवहार जो मेरी जानकारी में आये, प्रस्तुत टीप के अधीन अधिकोष के कार्यों की सीमा में हुए।
5. अधिकोष का लाभ–हानि पत्रक प्रस्तुत टीप के अधीन शुद्ध लाभ का सही विवरण प्रस्तुत करता है।
6. मेरे मत से अधिकोष के स्थिति विवरण व लाभ–हानि पत्रक, प्रस्तुत टीप के अधीन नियमानुसार बनाये गये है तथा हिसाब खाते रखे गये है।

अतः मैं, अधिकोष को पंजीयक, सहकारी संस्थायें, मध्यप्रदेश द्वारा प्रसारित निर्देशों में दी गई कसौटियों के आधार पर '' अ '' वर्ग प्रदान करता हूं।

दिनांक 24.08.2017
स्थान– भोपाल

कृते मिश्रा तिवारी एंड एसोशियेट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफआरएन–005188C
सही/–
सीए संजय मिश्रा
(भागीदार) एम.नं.073946

SHREE BALAJI URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD.
Balance Sheet As on 31st March 2017

As on		Capital & Liabilities (Rs)	As on	As On		Property & Assets (Rs)	As on
31.03.2016			31.03.2017	31.03.2016			31.03.2017
	1)	**Capital**			1)	**Cash**	
				8343450.00	a)	Cash In Hand	12810718.00
	(I)	Authorised Capital 200000/- shares		0.00	b)	Balance with RBI	0.00
20000000.00		of Rs. 100/- Each	20000000.00	43165885.50	c)	Balance with SBI	77342783.50
				19884218.09	d)	Balance with Dist.Central	246960.35
	(ii)	Subcribed Capital 107902 Shares of				Co-op. Bank	
10549500.00		Rs.100/-each (Previous year 105495 Shares)	10790200.00	**71393553.59**			**90400461.85**
					2)	**Balance with other Banks**	
				33106388.38	(I)	Current Deposits	38767675.28
10549500.00	a)	of the above held by Individuals etc.	10790200.00				
	b)	Co-op. Institution		132637526.00	(ii)	Fixed Deposits	205038485.00
	c)	State Govt.					
				165743914.38			**243806160.28**
10549500.00			10790200.00				
9555.00	(iii)	Nominal Capital	9695.00				
10559055.00			**10799895.00**				
	2)	**Reserve Fund & other Reserves**		0.00	3)	Money at call & short notice	0.00
57595744.00	(I)	Statutory Reserve	64595744.00				
24389765.33	(ii)	Building Fund	27522015.33	**60906745.00**	4)	Investments- 77127710.00	**75371132.00**
10397000.00	(iii)	Bad & Doubtful Reserve	12147000.00			Less:- Amortisation- 1756578.00	
2109000.00	(iv)	Proposed Dividend	2120000.00				
2966276.00	(v)	Investment Depreciation Reserve	2966276.00		5)	Investments out of the Principal /Subsidiary	
1700000.00	(vi)	Investment Fluctuation Reserve	3700000.00				
99157785.33			**113051035.33**	0.00		State Partnership A/c	0.00
					6)	**Advances**	
					(I)	Short Term Loans	
				180170681.97		Cash credit, Over Drafts & Bills Discounted	154211003.84
				180170681.97		Of which secured against tangible securities	154211003.84
	3)	**Principal / Subsidiary State**		180170681.97		Of the advances amount due from individual	154211003.84
0.00		Partnership fund Account	0.00				
	4)	**Deposit and other Accounts**				of the advance amount	
				0.00		overdue	0.00
	I)	**Fixed Deposits**					
280194712.66		a) Individual etc	274495810.66	1564524.00		considered Bad & doubtful of recovery	204222.00
555765.00		b) Central Co-op.Bank & other societies	568231.00				
	II)	**Saving Banks Deposits**		64603102.81	ii)	Medium Term Loans	71435406.65
87693733.46		a) Individual etc.	116571416.66			of which secured against tangible securities	
406607.00		b) Central Co-op.Bank & other societies	300302.84				
	III)	**Current Deposits**		64603102.81		of the advances amount due from individual	71435406.65
50426072.86		a) Individual etc.	69414906.95				
5415.90		b) Central Co-op.Bank & other societies	4710.90				
				0.00		of the advance amount over due	0.00
0.00	IV)	Money at Call & Short Notice	0.00				
419282306.88			**461355379.01**	1724122.00		considered Bad & doubtful of recovery.	2015193.00
	5)	**Borrowings**		**244773784.78**			**225646410.49**
0.00	(I)	From RBI/State/Central Co-op.Banks	0.00	0.00	7)	Bills Purchased	0.00
				2986037.00	8)	**Interest Receivable**	3613445.00
10528775.05	ii)	From SBI	15319941.24			Investment 1393565.00	
0.00	iii)	From Madhyanchal Gramin Bank	16749370.97			Add: NPA Advance 2219880.00	
			32069312.21			(as per contra)	
0.00	iii)	From State Govt.	0.00	15678850.84	9)	Bills Cheques receivable being bills for collection	2076885.75
	iv)	From Other Banks				(as per contra)	
0.00		a) Short Term over draft facility	0.00				
				0.00	10)	Branch Adjustments	0.00

As on		Capital & Liabilities (Rs)	As on	As On		Property & Assets (Rs)	As on
31.03.2016			31.03.2017	31.03.2016			31.03.2017
0.00	6)	Bills for Collection being bills	0.00				
		receivable (as per contra)		0.00	11)	Premises	0.00
						Less: Depreciation	
0.00	7)	Branch Adjustments	0.00				
				406083.00	12)	a) Furniture & fittings	365475.00
				0.00		Addition:-	284859.60
1980305.00	8)	Overdue Interest Reserve	2219880.00	40608.00		Less: Depreciation	50791.00
		(As per Contra)		**365475.00**			**599543.60**
0.00	9)	Interest Payable	0.00				
				369895.00		b) Vehicle	314411.00
				0.00		Addition:-	64000.00
				0.00		Less: Sale	0.00
	10)	**Other Liabilities & Provisions**		55484.00		Less: Depreciation	56762.00
				314411.00			**321649.00**
0.00	I)	Bills /DD Payable	0.00				
1841190.00	ii)	Dividend Payable	2522853.00	78267.00		c) Computer etc.	55117.00
0.00	iii)	Suspense/Sundries	0.00	26900.00		Addition:-	67750.00
3490042.50	iv)	Bankers Cheque payable	3376323.00	50050.00		Less: Depreciation	68734.00
966000.00	v)	Prov. for Standard Assets	966000.00	**55117.00**			**54133.00**
49496.00	vi)	Advance Income	86322.00				
278456.00	vii)	Liabilities for Expenses	323583.00	284429.00		d) Electrical Equip.& install.	333140.00
519126.00	viii)	TDS Payable	493971.00	107500.00		Addition:-	58350.00
0.00	ix)	Provision for Distt.Co-op. Union Subs	0.00	0.00		Less: Sale	0.00
601900.00	(xi)	Provision for Gratuity	663050.00	58789.00		Less: Depreciation	58562.00
0.00	(xii)	Prov for Sub-Standard Assets	0.00	**333140.00**			**332928.00**
					13)	**Other Assets**	
				167703.93	a)	Stationery Stock	249380.65
	11)	Profit and Loss		60360.00	b)	Security Deposits	60360.00
13368351.07		Profit as per last balance sheet	13524954.76	0.00	c)	Prepaid Expenses	16300.00
21208104.69		Add: Profit for the year (Subject to Taxation)	24133809.31	300.00	d)	Stamps & Stamped papers	0.00
				0	e)	Suspense recoverable	70000.00
34576455.76			37658764.07				
21051501.00		Less: Appropriations/ Taxation	22967578.00				
13524954.76			**14691186.07**				
				228363.93			**396040.65**
562779392.52		**Grand Total**	**642618789.62**	**562779392.52**			**642618789.62**

0.00	I)	Outstanding Liabilities for Bank Guarantees issued (Net of Margin)	0.00
0	ii)	Others	0.00
0.00			0.00

Note : The Word "INDIVIDUAL : DENOTES EXCLUDING Co-op. Bank & Co-op. Societies.

Place : SATNA
Date : 20.07.2017

Sd/-
Raj Bahor Tiwari
CEO

Sd/-
Nitin Daga
Director

Sd/-
Pankaj Daga
Vice Chairman

Sd/-
C S Puri
Chairman

For; SPJV & Co.
Chartered Accountants
Sd/-
CA Prashant Jain
Partner
M. no 405393
FRN.116884W

SHREE BALAJI URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD.

Profit & Loss A/c for the year ended 31st March 2017

As on		Expenditure (Rs.)	As on	As On		Income (Rs.)	As on
31.03.2016			31.03.2017	31.03.2016			31.03.2017
23913995.73	1)	Interest on deposits, borrowing etc.	29090133.19	48290532.53	1)	Interest & discount	56284697.40
3252255.00	2)	Salaries & Allowances & Provident fund	3295196.00	2325356.70	2)	Commission, exchange & brokerage.	2003552.89
36000.00	3)	Directors & Local Committee Members fees & Allowances	36000.00	0.00	3)	Income from non- banking assets and profit from sale or dealing with such assets	0.00
1427044.00	4)	Rent,taxes, insurance,lighting etc.	1538542.00				
330257.00	5)	Law charges & professional fees	308977.00	1695736.70	4)	Other receipts	1704605.44
178245.00	6)	Postage, telegram & telephonic charges	92785.00	0.00	5)	Loss (if any)	0.00
55000.00	7)	Audit fees	28750.00				
218960.00	8)	Depreciation & repairs in property	249792.00				
474006.92	9)	Stationery, printing & advertisement etc.	546887.28				
0.00	10)	Loss from sale of or dealing with non banking assets	0.00				
753057.59	11)	Other expenditures	579683.95				
464700.00	12)	Provision for standard/ sub standard assets	92300.00				
0.00	13)	Provision for dist.co-op. union subs.	0.00				
21208104.69	14)	Balance C/F	24133809.31				
1300000.00	15)	Transfer for Bad Debts Reserve	1750000.00	21208104.69		By balance of profit b/d	24133809.31
4500000.00	16)	Transfer for Statutory Reserve	7000000.00				
2500000.00	17)	Transfer for Building Fund	3000000.00				
2109000.00	18)	Transfer for Proposed Dividend	2120000.00				
1700000.00	19)	Transfer for Investment Fluctuation Reserve	2000000.00				
8942501.00	20)	Provision for Income Tax	7097578.00				
156603.69	20)	Balance of Profit	1166231.31				
21208104.69		**Grand Total**	**24133809.31**	**21208104.69**		**Grand Total**	**24133809.31**

Place : SATNA
Date : 20.07.2017

Sd/-
Raj Bahor Tiwari
CEO

Sd/-
Nitin Daga
Director

Sd/-
Pankaj Daga
Vice Chairman

Sd/-
C S Puri
Chairman

For; SPJV & Co.
Chartered Accountants
Sd/-
CA Prashant Jain
Partner
M. no 405393
FRN.116884W

SHREE BALAJI URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD.

AUDITOR'S CERTIFICATE

I under signed auditor hereby certify that audit of **SHREE BALAJI URBAN CO-OPERATIVE BANK LTD., SATNA (MP)** Reg No HO/211 Dated 08.07.1999 for the year ended 31st March 2017 has been completed in accordance with the rules, bye laws of the bank and instructions issued by the Registrar, co-operative Societies M.P. Bhopal from time to time.

The Balance Sheet as on 31st March 2017 and the Profit & Loss Account for the year ended 31.03.2017 have been prepared according to the Books of Account maintained by the Bank.

In my opinion :

1. The bank has conducted its business in accordance with the bank's bye laws, provisions contained therein and in conformity with the M.P. Co-operative Societies Act. As well as the administrative instructions issued by the Registrar Co-op. Societies M.P. Bhopal from time to time. The work has been conducted in accordance with the directions given in the Banking Regulation Act in force.
2. The Balance Sheet is true and correct and shows all the required information about Banks' position which was brought to my notice and reflected in the books and incorporated there in.
3. All the information whenever asked for was put timely before me to my satisfaction.
4. The transactions of the Bank which have come to my notice have been within competence of the Bank.
5. For the purpose of audit whatever statements were put up before me to my satisfaction.
6. That the profit and loss account shows a true balance of Profit for the year covered by such audit.
7. In my opinion the Balance Sheet & Profit & Loss have been drawn up in conformity with the law and in agreement therewith.
8. That in my opinion, proper books of account have been kept by the bank as required by law.

The Bank is awarded 'A' Classification

Place : SATNA
Date : 20.07.2017

For; SPJV & Co.
Chartered Accountants
Sd/-
CA Prashant Jain
Partner
M. no 405393
FRN.116884W

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का ब्लॉग

प्रगति के पथ पर मध्यप्रदेश

भारत के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश का आज 62वां स्थापना दिवस है। इस अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। मध्यप्रदेश आज आप सभी लोगों की मेहनत से देश का अग्रणी राज्य बन गया है। भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी आज मध्यप्रदेश के बारे में लोगों की सोच में बदलाव आया है। लोग पहले की तुलना में अब मध्यप्रदेश के बारे में जानने की जिज्ञासा ज्यादा रखते हैं। लोग जानने के साथ-साथ मध्यप्रदेश से जुड़ना भी चाहते हैं। लोगों के लिए अब एम.पी. का अर्थ **मध्यप्रदेश** से आगे बढ़कर **मेरा प्रदेश** हो गया है। लोगों का इस तरह से सोचना हम सभी के लिये गौरव की बात है।

वर्ष 1956में जब मध्यप्रदेश बना था तो मध्य भारत, सेन्ट्रल प्रोविंसेज एण्ड बरार, विन्ध्य प्रदेश और भोपाल रियासत को मिलाकर बनाया गया था। अलग-अलग संस्कृतियों का मिलन भाषाई एकता के आधार पर किया गया था। आज मध्यप्रदेश ने भाषाई एकता के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता की मिसाल पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत की है। भारत के संदर्भ में कहा जाता है कि **अनेकता में एकता** यहां की विशेषता है। यह सच भी है कि भारत की बहुरंगी विविधताएं ही भारत को मजबूत बनाती हैं। एक सूत्र में बंधी हुई विविधता मध्यप्रदेश में हमें सशक्त रूप में दिखाई देती है।

भारत जब आजाद हुआ था, तो इस भू-भाग की अपनी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान तो बहुत सशक्त थी। यहां कमी थी तो आधारभूत सुविधाओं की। मुझे एक बार चर्चा में ज्ञात हुआ कि आजादी के समय सिर्फ जबलपुर शहर में बिजली थी और उसके कुछ समय बाद सागर में बिजली आई थी। आगे चलकर धीरे-धीरे सिर्फ शहरी क्षेत्रों में बिजली पहुंच पाई, ग्रामीण क्षेत्रों को तो लम्बे समय तक अंधेरे में ही जीवन-यापन करना पड़ा था। जब आज के मध्यप्रदेश को देखता हूँ, तो मन में सन्तुष्टि का भाव आता है कि आज हमारा मध्यप्रदेश विकास के हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है।

आज मध्यप्रदेश में बिजली की स्थिति बहुत अच्छी हो गई है। हम आज विद्युत सरप्लस राज्य हैं। प्रदेश के अधिकांश क्षेत्र बिजली से रोशन हो रहे हैं। प्रदेश में किसानों को 10 घण्टे और आवासीय क्षेत्रों में 24 घण्टे बिजली उपलब्ध हो रही है। समय के साथ-साथ स्थितियों में कितना बदलाव हो गया है। देश की आजादी के समय इस भू-भाग पर शिक्षा की दृष्टि से सिर्फ एक विश्वविद्यालय और सात महाविद्यालय थे। आज शैक्षणिक संस्थानों की बढ़ती संख्या ने मध्यप्रदेश के शैक्षणिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलकर रख दिया है।

बीते एक दशक में अधोसंरचना विकास के अभूतपूर्व कार्यों तथा मध्यप्रदेश की क्षमताओं, संभावनाओं, साफ नीयत व नीतियों के फलस्वरूप देश-दुनिया में मध्यप्रदेश को नई पहचान मिली है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के **एकात्म मानवदर्शन** के अनुरूप हमने प्रदेश में अंत्योदय के सपने को साकार करने का प्रयास किया है। मध्यप्रदेश में हम **सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया** के भाव के साथ सभी वर्गों की भलाई पर ध्यान दे रहे हैं।

मध्यप्रदेश में युवाओं को रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर दिलाने के लिये कई कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये हैं। प्रदेश में **स्किल डेवलपमेंट मिशन** भी प्रारम्भ किया गया है। विद्यार्थियों को पैसे की कमी की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधा उत्पन्न न हो, इसलिए **मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना** प्रारंभ की गई है। प्रदेश के किसानों को उनकी फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने के लिये **भावांतर भुगतान योजना** प्रारम्भ की गई है। सुशासन के क्षेत्र में हमारी उपलब्धियों को व्यापक रूप से सराहा गया है। प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हम सभी लोग तभी तेजी से आगे बढ़ सकते हैं, जब हमारा आपसी संवाद अधिक से अधिक हो और हम सभी मिलकर और भी तेज गति से नये विकास कार्यक्रमों की योजना तैयार करें। आज से ही मैं दो माह के लिए **मध्यप्रदेश विकास यात्रा** प्रारंभ कर रहा हूँ। इस यात्रा के दौरान सभी वर्गों के लोगों से मिलकर मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने के और नये कार्यक्रम तैयार करूंगा।

हम यही नहीं रूकेंगे। अभी हमें बहुत आगे जाना है। मध्यप्रदेश को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाना है। इसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है। आइये हम सभी मिलकर आगे बढ़े। आप सभी को स्थापना दिवस की पुनः बधाई एवं शुभकामनाएं।

भावांतर भुगतान योजना

किसानों को 2 लाख रूपये तक नगद भुगतान में आयकर नियम बाधक नहीं

भोपाल भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने अनाज व्यापारियों की शंकाओं का समाधान करते हुए स्पष्ट किया है कि आयकर नियमों के अंतर्गत अनाज व्यापारी किसान से उसकी उपज की खरीदी के विरुद्ध 2 लाख रुपये तक का भुगतान नगद कर सकते हैं। भुगतान की इस कार्यवाही में आयकर नियम बाधक नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री जेटली से प्रदेश में लागू की गई भावांतर भुगतान योजना में अनाज व्यापारियों में किसानों की उपज की खरीदी पर नगद भुगतान करने के बारे में व्याप्त शंकाओं के समाधान के लिए आग्रह किया था। इसके बाद वित्त मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 3 नवम्बर 2017 को परिपत्र जारी किया गया। इस परिपत्र के अनुसार अनाज व्यापारी किसान की उपज का 2 लाख रुपये की सीमा तक नगद भुगतान कर सकता है।

आयकर अधिनियम-1961 के प्रावधान 40-ए (3) के तहत 10 हजार से अधिक की नगद खरीदी संबंधी प्रतिबंधों को कृषि उत्पादों की खरीदी के संबंध में आयकर अधिनियम-1962 के नियम 6-डीडी के तहत समाप्त किया गया है। आयकर के अधिनियम 269 एसटी के अधीन 2 लाख से ऊपर की नगद बिक्री किसान द्वारा नहीं की जा सकेगी।

परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 2 लाख या इससे कम के बिक्री लेन-देन के लिए पेन की जानकारी देना एवं फार्म नम्बर-60 प्रस्तुत करना आवश्यक नहीं होगा।

भावांतर भुगतान योजना की भ्रांतियों को दूर करने राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

भोपाल। प्रदेश की मंडियों में भावांतर भुगतान योजना लागू होने के बाद प्रदेश के 19 लाख 63 हजार 317 किसान योजना में पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें 2 हेक्टेयर तक की जोत के 60 प्रतिशत किसान हैं। इस प्रकार छोटे किसान भी इस योजना से लाभांवित हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक 30 लाख क्विंटल से अधिक कृषि उपज की बिक्री इस योजना के अंतर्गत हो चुकी है, जिसका भुगतान लगभग 125 करोड़ रूपये है। योजना के संबंध में फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने और किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिये राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका फोन नंबर 0755-2550495 है। कंट्रोल रूम प्रातः 7 से रात 11 बजे तक संचालित होगा।

नीति आयोग की अनुशंसा अनुसार भावांतर भुगतान योजना लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी रहा है। बड़ी संख्या में किसानों द्वारा पंजीयन कराने से मंडियों में कृषि उपज की आवक में वृद्धि हो रही है। इससे कृषि उपज मंडियों की आय भी बढ़ रही है। अब तक प्रदेश के 40 प्रतिशत किसानों द्वारा योजना में पंजीयन कराने के परिणामस्वरूप मक्का, तुअर, सोयाबीन, मूंगफली, उड़द, मूंग एवं तिल की आवक में बढ़ोत्तरी हुई है। अब तक मंडियों में नहीं आने वाली रामतिल की बिक्री भी मंडियों में आरंभ हुई है। कृषि उपज मंडियों में हो रही आवक में वृद्धि से कृषकों को कृषि उपज का सही मूल्य मिल सकेगा।

पी.जी.डी.सी.ए. मात्र 9100/-
डी.सी.ए. मात्र 8100/-
न्यूनतम योग्यता पी.जी.डी.सी.ए.
स्नातक एवं डी.सी.ए.-बारहवीं (10+2)
मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ द्वारा संचालित
सहकारी कम्प्यूटर एवं प्रबंध
प्रशिक्षण केन्द्र, भोपाल
(माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध)
ई-8/77 शाहपुरा, त्रिलंगा, भोपाल (म.प्र.) पिनकोड-462 039
फोन.-0755 2725518, 2726160 फेक्स-0755 2726160
Email: rajyasanghbpl@yahoo.co.in,ccmtcbpl@rediffmail.com

इस वर्ष 15 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की जाएगी

मुख्यमंत्री स्वरोजगार एवं कौशल सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री चौहान

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए बड़े पैमाने पर ऋण मुहैया कराया जाएगा। इस वर्ष के दौरान 15 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल की जाएगी। प्रदेश के हर जिले में स्वरोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। श्री चौहान जबलपुर में आयोजित मुख्यमंत्री स्वरोजगार एवं कौशल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में लघु और कुटीर उद्योगों का जाल बिछाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के नौजवान प्रतिभा और परिश्रम में किसी से कमतर नहीं हैं। हमें भरोसा है कि आने वाले समय में हमारे नौजवान देश के शीर्ष उद्योगपतियों की पंक्ति में जगह बनाने में भी कामयाब होंगे। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र की कम्पनियों में प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए भी राज्य सरकार ने पहल की है। इसके लिए जरूरी प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाएगी।

श्री चौहान ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्री ईश्वरदास रोहाणी का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन जनता के लिए समर्पित था। वे आम लोगों की परेशानी और दुख दूर करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे। बच्चों की पढ़ाई से लेकर आम लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं तक जनहित से जुड़े हर पहलू पर उनका ध्यान रहता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक श्री अशोक रोहाणी अपने पिता के सपनों को पूरा करने का काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिभाशाली बच्चों को प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने पर राज्य सरकार उनकी फीस का जिम्मा उठाएगी। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए तमाम सहूलियतें मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का भी जिक्र किया।

श्री चौहान ने युवाओं का आह्वान किया कि वे सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अपना उद्यम स्थापित करने के लिए कदम बढ़ाएं। उन्होंने जबलपुर को स्वच्छता में देश में शीर्ष पायदान पर पहुंचाने के लिए संकल्पित होने के लिये लोगों का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए शाल और पुष्पाहारों से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा अन्य योजनाओं में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित करने वाले हितग्राहियों तथा उन्नत कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान रचने वाले प्रगतिशील कृषकों को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री श्री शरद जैन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सांसद श्री राकेश सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम उपाध्यक्ष श्री एस.के. मुद्दीन, महाकौशल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्रभात साहू, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ विनोद मिश्रा, महापौर डॉ स्वाति गोडबोले, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री मनोरमा पटेल, विधायक सुश्री प्रतिभा सिंह, सुश्री नंदिनी मरावी एवं श्री अशोक रोहाणी, मनोनीत विधायक श्री एल.बी. लोबो, निगम अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा बाल्मीकि, श्री जी.एस. ठाकुर, श्री शिव पटेल, श्री अभिलाष पाण्डे एवं पूर्व सांसद सुश्री जयश्री बैनर्जी भी मौजूद थे।

महिला स्व-सहायता समूहों ने ग्रामीणों को साहूकारों से दिलाई मुक्ति

भोपाल। बड़वानी जिले के सेधवा विकासखंड में एक छोटा-सा गांव है वासवी। इस गांव में 372 परिवार रहते हैं। अधिकांश परिवार रोजगार और खेती-बाड़ी के लिये साहूकारों के पास अपने गहने जमानत पर रखकर 5 प्रतिशत ब्याज पर कर्जा लेते रहे। इससे ग्रामीणों की गरीबी तो दूर नहीं हुई बल्कि ये साहूकारों के चंगुल में फंसकर रह गये।

ग्रामीण महिलाओं ने सजगता दिखाई, एकजुट हुईं और 21 स्व-सहायता समूह बनाकर ग्रामीणों को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कराने की ठानी। इन स्व-सहायता समूहों ने गांव के करीब 222 परिवारों को रोजगार स्थापित करने और खेती-बाड़ी के लिये बिना जमानत के 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने की योजना बनाई। आज गांव में साहूकारी प्रथा पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

स्व-सहायता समूहों से आर्थिक मदद लेकर गांव के 9 परिवार डेयरी पालन कर रहे हैं, 7 परिवारों के पास टाटा मैजिक वाहन है जिसे किराये पर चलाकर अच्छा कमा रहे हैं, 16 परिवार बकरी पालन, 8सब्जी की

दुकान, 6किराना दुकान, 2 आटा चक्की, 6मोटर बांइडिंग, 20 सेन्टरिंग और 2 परिवार कटलरी की दुकान का व्यवसाय कर रहे हैं। गांव के 180 लोगों ने फसल उत्पादन और 13 लोगों ने फूलों की खेती और सब्जी उत्पादन के लिये स्व-सहायता समूहों की मदद ली है। आज ये सभी परिवार सुखी हैं, न्यूनतम ब्याज पर कर्जा चुका रहे हैं, परिवार का पालन-पोषण करने में सक्षम हो गये हैं और ग्रामीण समाज में इज्जत के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।

ग्राम संगठन की अध्यक्ष श्रीमती रेशा बाई सिकराम और कोषाध्यक्ष श्रीमती शांता बाई सोलंकी ग्रामीण परिवारों की तरक्की का लगातार मूल्यांकन करती हैं, उन्हें जरूरी सलाह देती हैं और उनकी शंकाओं का समाधान भी करती हैं। अब सभी ग्रामीण गांव के विकास कार्यों में रूचि ले रहे हैं। ग्रामीणों की भागीदारी से ग्रामीण नल-जल योजना की शुरूआत हो गई है। इस योजना से गाँव में घर-घर शुद्ध पानी भी मिलने लगा है।

बीड़ ग्राम में मछली पालन बना अतिरिक्त आमदनी का सशक्त जरिया

भोपाल। अनूपपुर जिले के ग्राम बीड़ में अच्छी अतिरिक्त आमदनी के लिये ग्रामीणों में मछली पालन के प्रति रूझान बढ़ रहा है। नारायण सिंह जैसे 12 महिला एवं पुरुषों ने मिलकर मछुआ समूह बनाकर ग्राम में मछली पालन करना प्रारम्भ किया है। समूह ने ग्राम पंचायत के चार तालाबों के साथ-साथ लगभग 4.00 हेक्टेयर के नकटी जलाशय में भी मछली पालन का कार्य प्रारंभ किया गया है। वर्ष 2013-14 से यह समूह मछली पालन विभाग की मदद और आपसी सहयोग से मछली बीज का तालाबों एवं जलाशय में संचयन एवं उत्पादन कर रहा है।

समूह के सदस्य स्वयं जाल की मदद से मछली निकाल कर नजदीक के लपटा, खूंटाटोला, वेंकटनगर और जैतहरी आदि गाँवों के हाट-बाजारों में बिक्री कर अपने सदस्यों को लाभ दिलाने के साथ-साथ समूह के खाते में बचत भी करते है। इससे सदस्यों की अच्छी वार्षिक आय हो जाती है।

अब यह मछुआ समूह **तिपान मछुआ सहकारी समिति** में परिवर्तित हो गया है। इसकी सदस्य संख्या बढ़कर 25 हो गई है। समिति ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में मछली पालन विभाग से 0.5 हेक्टेयर जल क्षेत्र लेकर 5 लाख रूपये की लागत से 4 नर्सरी का निर्माण किया है। उन्हें मिली वित्तीय मदद में 2.50 लाख रुपये अनुदान और 2.50 लाख रुपये खूंटाटोला के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का ऋण है। विगत 4 साल से ये समूह मैहर एवं छत्तीसगढ़ से मछली के स्पान लेकर संचयन करते हैं और फिर फ्राय तथा फिंगरलिंग में उसे विकसित कर बिक्री करते हैं। बचे हुए बीज का अपने तालाबों और जलाशय में संचयन करते हैं। इससे समिति को मछली बीज विक्रय से तो लाभ मिल रहा है, साथ-साथ मत्स्य विक्रय और आसपास के तालाबों से भी मछली पालन से वर्ष में 3 से 4 लाख रुपए की आमदनी भी मिल रही है। गाँव में मछली पालन ग्रामीणों के लिये अतिरिक्त आमदनी का सशक्त जरिया बन गया है।

सहकारी बैंक के अधिकारियों को भी दी गई भावांतर भुगतान योजना की जानकारी

भोपाल। जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भावांतर भुगतान योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रमुख सचिव सहकारिता श्री के.सी.गुप्ता, प्रबंध संचालक राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड श्री फैज अहमद किदवई, आयुक्त सहकारिता श्रीमती रेणु पंत, एम.डी. अपेक्स बैंक और सभी जिलों के सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस दौरान मौजूद थे।

एम.डी. मण्डी बोर्ड श्री किदवई ने पॉवर प्वाइंट के माध्यम से योजना के विभिन्न प्रावधानों को विस्तार से समझाया। उन्होंने जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कहा कि वह योजना के सभी प्रावधानों को समझें। किसानों के बैंक खातों में भावांतर की राशि जमा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 किलोमीटर से अधिक दूरी पर किसान द्वारा कृषि उपज मण्डी में फसल विक्रय करने पर परिवहन व्यय और इसी प्रकार भण्डारण व्यय भुगतान संबंधी प्रावधानों के बारे में बताया गया। प्रमुख सचिव श्री के.सी. गुप्ता ने कहा कि भावांतर भुगतान योजना की जानकारी किसानों को भी दें।

गोपाल पुरस्कार योजना हेतु आवेदन आमत्रित

भोपाल। भारतीय नस्ल के गौ-भैस वंशीय पशुओ के पालन को बढ़ावा देने एंव अधिक दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिये गोपाल पुरस्कार योजना संचालित की गई है। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिये है। जिनके पास भारतीय नस्ल की गाय व भैस उपलब्ध हो। गाय का दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन 04 लीटर या उससे अधिक हो। भैस का दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन 06लीटर या उससे अधिक हो।

मण्डी रिकार्ड में विक्रेता की जगह अब विक्रेता/ कृषक शब्द का होगा प्रयोग

भोपाल रा%य शासन ने कृषि उपज मण्डियों में अधिसूचित कृषि उपजों की बेहतर नियमन व्यवस्था के लिए मण्डी समितियों के लिए लागू उपविधि में संशोधन किया है। उपविधि में जहाँ विक्रेता शब्द आया है, वहाँ पर विक्रेता/कृषक शब्द स्थापित किया गया है। कृषि उपज मण्डी समितियों को विशेष सम्मेलन बुलाकर मण्डी समितियों के लिए लागू उपविधि में संशोधन कर नवीन उपबंध अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए गये हैं। अब मण्डी रिकार्ड में पंजीकृत किसान को 2 लाख रुपये तक के नगद भुगतान के लिए कोई दस्तावेज नहीं प्रस्तुत करना होगा।

डेढ़ लाख से अधिक पंजीकृत किसानों को 22 नवम्बर तक 248.30 करोड़ की भावांतर राशि का भुगतान होगा

भोपाल। भांवातर भुगतान योजना में 1 लाख 55 हजार 942 पंजीकृत किसानों को 22 नवम्बर तक 248करोड़ 30 लाख रूपये का भुगतान कर दिया जाएगा। यह भुगतान सीधे उनके खाते में किया जाएगा। किसानों को बैंक तथा भुगतान के संबंध में 2 एस.एम.एस प्रेषित किये जा रहे हैं। जिसके द्वारा बेची गई सामग्री तथा भुगतान योग्य राशि की जानकारी किसानों को दी जाएगी। यह जानकारी प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश राजौरा और म.प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री फैज अहमद किदवई ने दी। डॉ. राजौरा ने बताया कि योजना में 1 लाख 55 हजार से अधिक किसानों का डाटाबेस तैयार हो चुका है। इससे मंडियो में आने वाली उपज की मात्रा में वृद्वि होगी और किसानों को फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में सोयाबीन का बेहतर भाव मिल रहा है। योजना क्रियान्वयन के बारे में उत्तरप्रदेश, राजस्थान, उडीसा सहित 12 राज्यों ने जानकारी ली है। योजना क्रियान्वयन के पहले तथा क्रियान्वयन के बाद की दरों की तुलना से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि भावांतर भुगतान योजना से बाजार में स्थायित्व आया है और किसानों को लाभ हुआ है। किसानों में योजना के लिए उत्सुकता है।

श्री राजौरा ने बताया कि 16 से 30 अक्टूबर 2017 के मध्य समर्थन मूल्य और मॉडल विक्रय दर के अंतर की राशि सोयाबीन में 470 रूपये प्रति क्विंटल, मक्का में 235 रूपये प्रति क्विंटल, मूंग में 1455 रूपये प्रति क्विंटल, मूंगफली में 730 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द में 2400 रूपये प्रति क्विंटल रही। योजना के अंतर्गत अधिसूचित मंडियों में सोयाबीन की मात्रा 4 लाख 44 हजार 260 मीट्रिक टन, मक्का 38हजार 361 मीट्रिक टन, उड़द 26 हजार 210 मीट्रिक टन, मूंगफली 652.48 मीट्रिक टन और 134.47 मीट्रिक टन मूंग की आवक हुई है। किसानों की सुविधा के लिए अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में सुविधाजनक स्थानों पर मंडी सुविधा उपलब्ध करवायी गई है। कई जिलों में उपमंडियाँ भी संचालित की जा रही हैं। किसानो को मंडियों तथा फसल के भावों की जानकारी देने के लिए आकाशवाणी सहित अन्य प्रचार माध्यमों का सहयोग भी लिया जा रहा है। योजना में विभिन्न फसलों पर देय राशि की गणना की प्रक्रिया और जानकारी देने के लिए किसानों को विभाग की ओर से पेम्फलेट भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। कृषकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम भी लगातार सक्रिय है।

मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग की सभी सेवाएं कैशलेस

भोपाल 1 नवंबर मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस से स्टांप एवं पंजीयन विभाग द्वारा सभी प्रकार की सेवाएं कैशलेस कर दी गई है। कैशलेस प्रक्रिया द्वारा विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे सर्टिफाइड कॉपी फीस, डाक्यूमेंट सर्च फीस, कमी मुद्रांक शुल्क, बकाया राजस्व वसूली इत्यादि का भुगतान कैशलेस प्रक्रिया द्वारा किया जा सकता है।

स्टांप एवं पंजीयन विभाग द्वारा जारी आदेश के आधार पर पक्षकार स्वयं की आई. डी. बनाकर या किसी सेवा प्रदाता के माध्यम से प्रक्रिया अनुसार इलेक्ट्रानिक पेमेंट करने के पश्चात उप पंजीयक/जिला पंजीयक में रसीद को कन%यूम करा सकते है।

कृपया ध्यान दें

सहकारी बैंकों के वित्तीय पत्रक प्रकाशन की समय-सीमा 31 दिसम्बर, 2016 है, समय सीमा को दृष्टिगत रखते हुए, सहकारी बैंकों से अपेक्षा है कि अपने वित्तीय पत्रक प्रकाशन हेतु शीघ्र साफ्ट कापी **ई-मेल rajyasanghbpl@yahoo.co.in से एवं हार्ड कापी म.प्र. राज्य सहकारी संघ, ई-8/77, शाहपुरा, भोपाल-462039, मध्यप्रदेश के पते पर शीघ्र भेजें।** इस हेतु राज्य संघ के पत्र का अवलोकन कर लें।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2017

मेरा लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत

संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

हमारा विश्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है । हमारा विश्वास है कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है ।

इस दिशा में स्वयं को एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने तथा रक्षोपाय, सत्यनिष्ठा ढांचा तथा नीति-संहिता स्थापित करने के अपने उत्तरदायित्व को हम स्वीकार करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम किसी भी भ्रष्ट आचरण का हिस्सा नहीं हैं तथा भ्रष्टाचार के दृष्टांतों पर हम अत्यधिक सख्ती से कार्रवाई करते हैं ।

हम मानते हैं कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने में तथा अपने कार्यों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने के लिए, एक संगठन होने के नाते हमें सामने से नेतृत्व करना होगा ।

अत:, हम प्रतिज्ञा करते हैं कि :-

- हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे ;
- हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे ;
- हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं ;
- हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे ;
- हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएंगे ;
- हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए, उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे ;
- हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान तथा पर्दाफाश तंत्र का प्रबंध करेंगे ;
- हम संबंधित पक्षों एवं समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगे ।

केन्द्रीय सतर्कता आयोग देश का शीर्षस्थ संस्थान है जो सार्वजनिक जीवन में सत्य निष्ठा, पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। यह प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन करता है। इस क्रम में इस वर्ष 30 अक्टूबर से 4 नवम्बर, 2017 तक 'मेरा लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत' विषय पर किया गया। इस दौरान संस्था के भीतर तथा नागरिकों के लिये जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन किया गया। म.प्र. राज्य सहकारी संघ में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कर्मचारियों तथा प्रबंध संचालक श्री ऋतुराज रंजन ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर के छायाचित्र, प्रतिज्ञा तथा आयोग द्वार जारी प्रमाण पत्र प्रकाशित किया जा रहा है।



सत्यमेव जयते

CENTRAL VIGILANCE COMMISSION

Certificate of Commitment

This is to certify that

MADHYA PRADESH STATE COOPERATIVE UNION BHOPAL

has adopted the Integrity Pledge and is committed to uphold highest standards of integrity and good governance and to follow ethical practices in conducting its activities

4755665963

Nilam Sawhney
Secretary

Central Vigilance Commission, Satarkta Bhawan, G.P.O. Complex, INA, New Delhi-110023
Tel: 011- 24600200 (30 Lines), Fax No. 011- 24651010/24651186, Website: www.cvc.nic.in

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल की ओर से प्रकाशक, मुद्रक दिनेशचंद्र शर्मा द्वारा सांध्य प्रकाश लि.'सांध्यप्रकाश भवन' मालवीय नगर, भोपाल से मुद्रित एवं ई-8/77, शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : ऋतुराज रंजन, संपादक : दिनेशचंद्र शर्मा
डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/357/2015-17 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967, फोन : 2725518, फैक्स : 0755-2726160 इस अंक में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जिनमें संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है।